## एक नजर में

### आपदाओं के समय बचाव कार्य करती है एनडीआरएफ

**शाजापुर।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम मोहन बड़ोदिया के ग्राम मोहना में आयोजित कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल टीम की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह टीम प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, चक्रवात, भूस्खलन आदि के समय राहत एवं बचाव कार्य करती है। टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने, राहत सामग्री पहुंचाने तथा आपदा के दौरान जनहानि को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 11वी एनडीआरएफमुख्यालय वाराणसी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी एवं विभाग के अधिकारियों और आरसेटी स्टाफ को इंस्पेक्टर निलेश दिवानिया द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता प्रदान की गई। एनडीआरएफ का उद्देश्य भूकंप, बाढ़, सुनामी और मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव व राहत कार्य करना एवं इस संबंध में जागरूकता प्रदान करना है। इस दौरान संकाय सदस्य जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ऑफिस असिस्टेंट सुश्री तन्वी सोनी तथा स्टाफसदस्य महेश मालवीय उपस्थित थे।

### कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शाजापुर।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम मोहन बड़ोदिया के ग्राम मोहना में आयोजित कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को सफलतापूर्वक किया गया। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक बलवंत शितोले, मनरेगा जिला अधिकारी मोहित गुप्ता एवं हीरालाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण का असेसमेंट पीएन उपाध्याय एवं वेदप्रकाश सेन द्वारा किया गया। संस्थान के डायरेक्टर सत्यवीर सिंह चौहान ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान संकाय सदस्य जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, ऑफिस असिस्टेंट सुश्री तन्वी सोनी तथा स्टाफ सदस्य महेश मालवीय भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। जहां प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख एसएस धाकड़ तथा डॉ। गायत्री वर्मा द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती एवं नरवाई प्रबंधन के बारे में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

### 35 .49 फीसदी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शाजापुर जिले में 14 वर्षीय किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में निर्धारित 9588 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 3403 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है जो कि कुल लक्ष्य का 35 ।49 प्रतिशत है। कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने जिले में शेष रही 14 वर्षीय किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण के लिए अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी किशोरी बालिकाओं को समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

### ऑटो चालक की समझदारी से टला हादसा

**शाजापुर।** जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ रहा है आगजनी की घटनाएं भी बढ़ रही है। टंकी चौराहा पर खड़ी एक मोटर साइकिल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते बाइक जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। जब यह घटना हुई उस समय वहां से दमकल वाहन भी गुजर रहा था जिसने स्थिति को देखते हुए तुरंत वाहन रोककर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए और आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पायाए लेकिन इस हादसे से टंकी चौराहा पर अफरा तफरी जरूर मच गई। इधर देखते ही देखते बाईक पूरी तरह जलकर रख हो गई।

### आकर्षक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया




**शुजालपुर, 30 मार्च।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरणीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, स्वच्छता, स्वस्थ जीवन शैली एवं ऊर्जा बचत जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों में विभिन्न जागरूकता स्लोगन भी लिखे गए, जिनका उद्देश्य आमजन को पर्यावरणीय गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। इस दौरान इको क्लब के विद्यार्थियों ने पर्यावरण आधारित रंगोलियां भी बनाई, जिनमें जीव-जंतुओं के महत्व को रेखांकित किया गया। इको क्लब प्रभारी डॉ। मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति चेतना एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ।राजेश कुमार शर्मा ने पोस्टर एवं रंगोली की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर ऐसे रचनात्मक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम पर्यावरण शिक्षण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी का वरघोड़ा निकाला

**शुजालपुर।** शहर में सकल जैन समाज के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शुजालपुर सिटी में निकाले गए विशाल चल समारोह की विशेषता राष्ट्रीय ध्वज के साथ जैन धर्म ध्वज एवं वेदीजी को प्रमुखता देना रहा, जिसने कार्यक्रम को राष्ट्र एवं धर्म के समन्वय का संदेश दिया। प्रात :काल श्री दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी का वरघोड़ा निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुन : मंदिर पहुंचा। यहां जैन ध्वजारोहण की बोली लगाई गई, जिसका लाभ प्रवीणकुमार एवं उज्ज्वल कुमार जैन परिवार ने लेकर विधिवत ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवं आरती सम्पन्न हुई। सकल जैन समाज के तत्वावधान में मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रारंभ में मंगला चरण गीत मिष्ठी जैन ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सकल जैन समाज के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पारस चौपड़ा, कमल चौधरी, राजेंद्र जैन, प्रवीण जैन एवं नवरतन धारीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। वहीं प्रतीक जैन एवं भव्यांश नारेलिया ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन अनीता जैन द्वारा किया गया। साथ ही मंडी सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया। उल्लेखनीय है कि भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव शुजालपुर सिटी में तीनों जैन संप्रदायों द्वारा मिलकर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

### जिला अस्पताल में दो बुजुर्गों ने तोड़ा दम

**शाजापुर।** जिला अस्पताल में रविवार रात दो बुजुर्गों की अलग अलग मामलों में मौत हो गई। इनमें से एक की सड़क दुर्घटना में जान गई, जबकि दूसरे ने जहरीली दवा का सेवन किया था। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। सोमवार को दोनो शवों को आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# 35 डिग्री तापमान में झुलस रहे लोगों को बारिश से राहत

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मौसम, एक सप्ताह बारिश के आसार

**शाजापुर। पश्चिमी विक्षोभ का असर एक बार फिर नगर के मौसम में देखने को मिल रहा है। सुबह से तीखी धूप और गर्मी का सामना कर रहे नगरवासियों के लिए शाम को हुई बूंदाबांदी और फिर बारिश ने राहत का काम किया। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग की मानें तो 4 अप्रैल तक मौसम का यही हाल रहेगा.**

सोमवार सुबह से ही सूरज आग उगल रहा था। तेज गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा था। शाम करीब 5 बजे तक भी गर्मी का असर लोगों पर भारी पड़ रहा था और लोग पंखे, कूलर और एसी के सहारे समय गुजार रहे थे। लेकिन इसके बाद अचानक मौसम बदला और आसमान पर बादलों का डेरा लग गया। कुछ देर बाद तेज हवा चलने लगी और गर्मी का असर कम होने लगा। इसके बाद तेज हवाओं के साथ बूंदाबांद शुरू हो गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इस दिन अधिकतम तापमान 35.5 व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से अधिक पहुंच चुका था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मार्च माह में किस कदर गर्मी की शुरूआत हुई। लेकिन शाम को पश्चिमी विक्षोभ से बदले मौसम व ठंडी हवाओं ने जख्मों पर मरहम का काम किया। समाचार लिखे जाने तक नगर में बूंदाबांदी के बाद बारिश का दौर जारी थी.

#### 4 अप्रैल तक ऐसा ही रहेगा क्षेत्र में मौसम

मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर एक सप्ताह तक रहेगा। इस दौरान तेज हवा और बूंदाबांदी या कहीं कहीं तेज बारिश भी हो सकती है। इस दौरान तापमान भी कम होगा। लेकिन इसके बाद तापमान में वृद्धि होने लगेगी।

#### लोगों के वैवाहिक आयोजनों के बिगड़े हाल

बेमौसम बारिश के कारण वैवाहिक आयोजनों की हालत बिगड़ गई है। अचानक बारिश आने से आयोजकों को ताबड़तोड़ अन्य व्यवस्था करना पड़ी।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

जिले में इन दिनों रबी फसलों की कटाई व साफ सफाई का दौर चल रहा है। अनेक किसानों ने जहां अपने गेहूं की फसल कटाई कर ली है तो कईयों की फसल खेतों में खड़ी है या फिर कटाई के बाद फसल सूखने के लिए खेत में रखी है। ऐसे में इस बेमौसम बारिश की वजह से नुकसान होगा। वहीं जहां फसल पककर खेतों में खड़ी है वहां पर तेज हवा से फसल आड़ी पड़ने की भी आशंका बन रही है।



### सिलेंडर की नली में भभकी आग, टला हादसा

**शाजापुर।** दुपाड़ा रोड स्थित कृष्णा कॉलोनी में रविवार रात करीब 10 बजे घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर और गैस नाली में आग लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी जयेश पिता दिनेश चंद्र शुक्ला के घर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर और गैस नाली में आग भड़क उठी। आग लगते ही घर में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही लालघाटी थाने की डायल 112 पर तैनात आरक्षक देवांग ठाकुर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को संभाला और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इससे आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने पूरी तरह आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि आग की चपेट में आने से कुछ कपड़े जल गए।

## जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिरों का निर्माण

**शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत जिले में जल मंदिर प्याऊ निर्माण एवं शुभारंभ का कार्य किया गया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।**

कार्यक्रम के अंतर्गत शाजापुर जिले में शाजापुर नगर, शुजालपुर नगर, अकोदिया, कड़वाला, अवंतिपुर बड़ोदिया, मटेवा, केथलाय आदि ग्रामो में जल मंदिरों का निर्माण किया गया है। इन स्थानों पर राहगीरों एवं ग्रामीणों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जन अभियान परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के माध्यम से जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

जल मंदिरों के माध्यम से जहां एक ओर सेवा का कार्य हो रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला/विकासखंड समन्वयक, नवांकुर/प्रस्फुटन प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राए एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## इस वर्ष भी जारी सफलता का सिलसिला

### 94 प्रतिशत अंकों के साथ समक्ष ने पाया प्रथम स्थान

**शाजापुर। परीक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिभा सामने आ रही है। सोमवार को नगर के सिओमा पब्लिक स्कूल का कक्षा 11वीं का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें कक्षा 11वी के छात्र समक्ष ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा साबित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**

सोमवार को विद्यालय में समारोह पूर्वक परिणाम घोषित किए गए, जब बारी कक्षा 11वी बॉयलॉजी के विद्यार्थियों की आई तो उसमें समक्ष ने हर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी विषयों में बेहतर प्रदर्शन किया और 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। समक्ष की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने मुंह मीठा कर उसका स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की



#### बोर्ड परीक्षा में भी लहराया था परचम

वर्ष 2025 में भी समक्ष ने कक्षा 10वी की परीक्षा में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। जिसमें समक्ष ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर प्रथम स्थान के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उस समय भी विद्यालय परिवार द्वारा समक्ष का स्वागत किया था। वहीं इस वर्ष भी समक्ष ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### डॉक्टर बनना चाहता है सक्षम

प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान के सुपुत्र समक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व दादाजी को दिया। जिन्होंने हर समय उसकी पढ़ाई में मदद की। सेवानिवृत्त शिक्षक रह चुके समक्ष के दादाजी मोहनलाल चौहान ने भी अपने अनुभवों से समक्ष की सहायता की जिसके चलते उसने यह सफलता हासिल की। चर्चा में समक्ष ने बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहता है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया श्रमदान

**शाजापुर। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सोमवार को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जागरूकता रैली एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवाओं को जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो ।प्रकाश बर्फा ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ ।दिनेश निगावल, डॉ ।अरुण कुमार बोडाने, डा ।बीके सोलंकी, डॉ ।सुनील अडवाणी, डॉ। दिलीप माहेश्वरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। जागरूकता रैली एवं श्रमदान अभियान की शुरुआत में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया । रैली के पश्चात एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित कुएं के समीप स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान श्रमदान करते हुए कुएं के आसपास की एकल उपयोग प्लास्टिक को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

उन्होंने जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और स्वच्छता के प्रति सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। इस दौरान एनएसएस इकाई एम्बेसडर रवि कुमार, एसयुओ लक्ष्मी पुष्पद, अनिल आचार्य, कौशल्या पुष्पद, गोविंद गोस्वामी, इसराइल खां, चंचल पाटीदार, सूरज राय और अन्य स्वयंसेवको के साथ एनएसएस मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार चोरडिया मौजूद थे।

## ई-विकास प्रणाली का प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर। सचिव मप्र शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में सोमवार को जिले के अनुभाग शाजापुर राजस्व शाजापुर एवं गुलाना एवं मो ।बड़ोदिया विकासखंड स्तर पर उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

अनुविभागीय कृषि अधिकारी उप संभाग शाजापुर ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा समस्त पटवारी, समिति प्रबंधक, सचिव/ग्राम सहायकों, कृषि विस्तार अधिकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को ई - विकास प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा टोकन जनरेशन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया, सिकमी / बटाई, ट्रस्ट पट्टाधारी कृषक, अधिकृत/नॉमिनी कृषक, मृत अथवा नामांतरण प्रक्रियाधीन कृषक, वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असक्षम कृषकों के टोकन जारी करने एवं किसानों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के तरीकों की जानकारी दी गई।

**एक नजर में** — मप्र जन अभियान परिषद ने सेमली धाम में किया आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम

## पौधारोपण कर ही बच सकते हैं भविष्य की आपदाओं से

**शाजापुर। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमली धाम में सोमवार को आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।**




कार्यक्रम में अंबाराम मीणा प्राथमिक शिक्षक, दयाराम गुर्जर पंचायत सचिव, प्रेमसिंह सोलंकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जीवन सिंह परिहार, लक्ष्मण नाथ शिक्षक, रामपुरी गोस्वामी सामाजिक कार्यकर्ता, बहादुर सिंह सोलंकी परामर्शदाता सीएमसीएलडीपी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा रामनाथ सिंह सोलंकी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सेमली धाम द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए अपनी वाटिका का उदाहरण दिया तथा पौधारोपण के माध्यम से भविष्य की आपदाओं से बचाव पर जोर दिया। इस अवसर पर ईश्वर सिंह सोलंकी अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ईश्वर सिंह कुंभकार बीएसडब्ल्यू छात्र, प्रेम सिंह चौहान, भगवान सिंह भाट, लक्ष्मण सिंह परमार एवं समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता बहादुर सिंह सोलंकी ने किया। आभार ईश्वर सिंह सोलंकी ने माना।

#### जन अभियान एवं पर्यावरण जागरुकता

जीवन सिंह परिहार नवांकुर संस्था आराधना जनकल्याण सामाजिक समिति द्वारा बताया गया कि जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला और बताया कि परिषद शासन एवं समाज के बीच एक सेतु के रूप में कार्य कर रही है। वहीं रामपुरी गोस्वामी इलेक्ट्रीशियन द्वारा बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं एवं करंट से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

### आपदा प्रबंधन पर दिया मार्गदर्शन

मुख्य वक्ता प्रेम सिंह सोलंकी द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आपदाओं की जानकारी दी। आपदा से पूर्व की तैयारी, आपदा के समय आवश्यक सावधानियां, आपदा के बाद पुनर्वास प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद बहादुर सिंह सोलंकी द्वारा आपदा प्रबंधन समिति का गठन, आपदा पूर्व कार्ययोजना, आपदा के दौरान किए जाने वाले कार्य, आपदा के बाद पुनर्वास प्रक्रिया के साथ-साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) प्रस्फुटन योजना एवं नवांकुर योजना की जानकारी दी।

### कार्यशाला सम्पन्न

**शाजापुर।** परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र गिरवर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषक कार्यशाला अंतर्गत कृषको को कृषि को कृषि तकनीकी एवं जैविक खेती प्रमाणीकरण करने जैविक उत्पाद विक्रय करने के संबंध में कृषकों कों प्रशिक्षण में तकनीकी सत्र अनुसार प्रशिक्षित किया गया। साथ ही कृषको को प्रक्षेत्र भ्रमण अंतर्गत लेजर लेंड लेवलर के द्वारा तैयार खेत का अवलोकन, बीआरसी केन्द्र का अवलोकन, प्राकृतिक खेती इकाई का अवलोकन एवं नरवाई प्रबंधन से संबंधित यंत्रों के बारे में कृषि वैज्ञानिको द्वारा बताया गया। इस अवसर पर किसान संघ अध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया, डॉ. जीआर अम्बावतिया, प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़, कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रमुख कृषि वैज्ञानिक डॉ। डीके तिवारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ। मुकेश सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ।गायत्री वर्मा, डॉ। प्रशांत महाडिक उप संचालक चिकित्सा सेवाएं, आरएल जामरे उप संचालक कृषि उपस्थित थे।